foHkkxh; i'kkldh; ifronu
o"k 2014&15
<u>e/; insk 'kklu ou foHkkx</u>

foHkkx dk uke	:	ou foHkkx
ekuuh; ou ea=h	:	डॉ. गौरीशंकर शेजवार

lfpoky;

ize[k lfpo	:	श्री बसंत प्रताप सिंह	(21.08.2014 तक)
		श्री ए.पी. श्रीवास्तव	(21.08.2014 से)
lfpo	:	श्री प्रशांत कुमार,	
fo'k"k drO; vf/kdkjh	:	डॉ. अतुल कुमार श्रीवास्तव,	
vij lfpo	:	श्री अनूप सिंह राजपूत,	
mi lfpo	:	श्री अशोक कुमार शर्मा,	
voj lfpo	:	सुश्री बबीता वसुनिया	(06.01.2015 तक)
voj lfpo	:	श्री नानक राम लालवानी,	

foHkkxk/;{k

i/kku e[; ou lj{kd e-i-	:	श्री अनिल ओबेराय,
i/kku e[; ou lj{kd oU; i.kh	:	श्री नरेन्द्र कुमार
i/kku e[; ou lj{kd dk;l vk;kstuk ,o ou Hk&vfHkys[k	:	श्री अजित सोनकिया

i'kkldh; ifronu o"k 2014&15

fo"k; Øe

	Hkkx &1	i"B Øekd
	v/;k;& ,d	
1.1	सामान्य	1
1.2	विभाग में प्रतिपादित नीति संबंधी विषय	1
1.3	प्रशासित अधिनियम	2
	v/;k;&nks	
1.4	प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन बल प्रमुख)	
	विभागीय संरचना	4
	स्थापना	7
	मानव संसाधन विकास	9
	संयुक्त वन प्रबंधन	10
	अनुसंधान विस्तार एवं लोक वानिकी	12
	भू–प्रबंध	13
	सूचना प्रौद्योगिकी	18
1.5	वन संरक्षण एवं उत्पादन	20
1.6	प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन्यप्राणी	23
1.7	प्रधान मुख्य वन संरक्षक, कार्य आयोजना	27
	v/;k;&rhu	
	विभाग के अन्तर्गत आने वाले मण्डल/उपक्रम/संस्थाएं	
1.8	मध्य प्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड	30
1.9	मध्यप्रदेश राज्य लघुवनोपज (व्यापार एवं विकास) सहकारी संघ	32
1.10	मध्यप्रदेश राज्य वन विकास निगम	39
1.11	मध्यप्रदेश ईकोपर्यटन विकास बोर्ड	42
1.12	मध्यप्रदेश राज्य बांस मिशन	42
1.13	राज्य वन अनुसंधान संस्थान, जबलपुर	44
	Hkkx&2	
	बजट विहंगावलोकन	
2.1	आयोजना व्यय	46
2.2	आयोजनेत्तर व्यय एवं राजस्व	47
	Hkkx&3	
	योजनाएं	
3.1	कार्य आयोजनाओं का क्रियान्वयन	49
3.2	वन अधोसंरचना का सुदृढ़ीकरण	50
3.3	विदेशी सहायता प्राप्त योजनाएं/ परियोजनाएं	50
	Hkkx&4	
4.1	पुरस्कार	52
4.2	अभिनव योजना	53
4.3	महत्वपूर्ण सांख्यिकी	56
	Hkkx&5	
	विभाग के प्रकाशन	58

	Hkkx&6	i"B Øekd
	ifjf'k"V	
1	क्षेत्रीय इकाईयों का विवरण	62
2	क्षेत्रीय इकाईयों के विभिन्न पदों के उत्तरदायित्व एवं कर्तव्य	63
3	गैर वानिकी कार्यों के उपयोग हेतु व्यपवर्तित वन भूमि प्रकरण	64
4	भारत सरकार से अंतिम स्वीकृति प्राप्त महत्वपूर्ण प्रकरण – वर्ष 2014–15	65
5	कैम्पा मद से वन्य जीव संरक्षण एवं एन.पी.व्ही. मद के कार्यो हेतु आवंटित राशि का विवरण	66
6	वृत्तवार, वन मण्डलवार, वर्षवार अवैध कटाई के दर्ज प्रकरण	67
7	वनमंडलवार अवैध चराई के दर्ज प्रकरण	69
8	वनमंडलवार अवैध परिवहन के दर्ज प्रकरण	71
9	वन मण्डलवार म0प्र0 काष्ठ चिरान अधिनियम के उल्लंघन के प्रकरण	73
10	वन मण्डलवार अतिक्रमण के दर्ज प्रकरण	75
11	वन मण्डलवार अवैध उत्खनन के दर्ज प्रकरण	77
12	वनमंडलवार अग्नि प्रभावित क्षेत्र	79
13	वनमंडलवार दर्ज वन अपराध प्रकरण	81
14	वनमंडलवार जप्त वाहनों की संख्या	83
15	वृत्तवार न्यायालय में प्रस्तुत प्रकरण	85
16	वृत्तवार वन अपराध में वसूल राशि	86
17	वन उत्पादन (इमारती का ध.मी.)	87
18	जलाऊ लकड़ी	88
19	औद्योगिक बांस उत्पादन	89
20	व्यापारिक बांस उत्पादन	90
21	राजस्व प्राप्ति	91
22	मध्यप्रदेश के वन्यप्राणी संरक्षित क्षेत्र	94
23	मध्य प्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड के शासकीय एवं अशासकीय सदस्य	95
24	जिलेवार बांस योजनाओं का क्रियान्वयन व 2014–15	96
25	भारतीय वन सर्वेक्षण देहरादून से प्रकाशित प्रतिवेदन अनुसार वनाच्छादन	97
26	वितरीत किये जाने वाले पुरस्कारों का विवरण	98

Hkkx &1

v/;k; ,d

1-1 I kekU;

वन विभाग का प्रमुख दायित्व वनों का वैज्ञानिक दृष्टि से प्रबंधन करना है, जिससे उनका संरक्षण तथा संवर्धन किया जा सके। प्रदेश के वनों मे प्रचुर जैव विविधता पाई जाती है। मंडला, डिण्डोरी, शहडोल तथा बालाघाट में साल वन है। चम्बल क्षेत्र, ग्वालियर, शिवपुरी, भिण्ड तथा दतिया में करधई तथा झाड़ीदार वन है। शेष क्षेत्र में बहुमूल्य सागौन वन है। वनों से लकड़ी के अलावा बांस एवं प्रचुर मात्रा में विभिन्न प्रकार की लघुवनोपज तथा औषधियाँ मिलती है। प्रदेश की जनसंख्या का बड़ा भाग वनों पर निर्भर है तथा आदिवासी एवं ग्रामीणों के जीविकोपार्जन हेतु वनों का विशिष्ट महत्व है।

शासन स्तर पर वनमंत्री की सहायता प्रमुख सचिव, सचिव, विशेष कर्तव्य अधिकारी, अपर सचिव, उप सचिव एवं अवर सचिव के दल द्वारा की जाती है। वन विभाग अधीन गतिविधियां, विभिन्न विभागाध्यक्षों के माध्यम से संचालित की जाती है, जिनके मध्य समन्वय प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन बल प्रमुख) करते हैं।

1-1-1 i/kku e[; ou l j{kd ¼ou cy i e[k½ द्वारा प्रदेश के वनों के संरक्षण एवं संवर्धन कार्यों पर प्रशासकीय नियंत्रण रखा जाता है। साथ ही वे अन्य विभाग प्रमुख एवं विभाग के अन्तर्गत आने वाले मंडल, उपक्रम एवं संस्थाओं के साथ समन्वय करते हैं।

1-1-2 i/kku e[; ou l j{kd ¼oU; i k.kh½ द्वारा प्रदेश के राष्ट्रीय उद्यानों व अभ्यारण्यों पर प्रशासकीय नियंत्रण रखा जाता है तथा वैज्ञानिक आधार पर पूरे प्रदेश में वन्यप्राणियों का संरक्षण किया जाता है।

1-1-3 i/kku e[; ou l j{kd ¼dk;l vk;ktuk ,o ou Hk&vfHky[k½ द्वारा प्रदेश के वनों के वैज्ञानिक प्रबंधन हेतु कार्य आयोजनाओं का पुनरीक्षण तथा वन भू–अभिलेख का संधारण किया जाता है।

1-1-4 foHkkx d vUrxr vkus okys eMy@miØe@l LFkk,

1. **tb fofo/krk cksM &** राज्य शासन द्वारा जैवविविधता अधिनियम, 2002 के प्रावधानों के तहत मध्य प्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड का गठन किया गया है। मध्य प्रदेश राजपत्र क्रमांक/378 भोपाल दिनांक 25 अगस्त 2014 में प्रकाशित अधिसूचना अनुसार मध्य प्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड को वन विभाग, मध्य प्रदेश शासन से संबद्ध किया गया है। बोर्ड की मुख्य भूमिका जैवविविधता का संरक्षण, उसके संघटकों का पोषणीय उपयोग तथा जैविक स्त्रोतों और ज्ञान के उपयोग से उद्भूत लाभ का उचित और साम्यापूर्ण प्रभाजन सुनिश्चित करना है।
2. **e/; in'k jkT; ou fodkl fuxe &** राष्ट्रीय कृषि आयोग की अंतरिम रिपोर्ट, 'प्रोडक्शन फॉरेस्ट्रीः मैन–मेड फॉरेस्ट्स' (1972) के आधार पर मध्यप्रदेश राज्य वन विकास निगम की स्थापना 24 जुलाई, 1975 को की गई थी। म.प्र. राज्य वन विकास निगम का प्रमुख उद्देश्य निम्न कोटि के वनक्षेत्रों को तेजी से बढ़ने वाली बहूमूल्य तथा बहुउपयोगी प्रजातियों के रोपण द्वारा उच्च कोटि के वनों में परिवर्तित कर उत्पादन क्षमता एवं गुणवत्ता में सुधार लाना है।
3. **e/; in'k jkT; y?kq oukit ¼O;kikj ,o fodkl½ lgdkjh l?k &** मध्यप्रदेश राज्य लघु वनोपज (व्यापार एवं विकास) सहकारी संघ का गठन 1984 में किया गया। प्रदेश में लघु वनोपज का संग्रहण एवं व्यापार इस संस्था द्वारा किया जा रहा है। वर्ष 1989 में इस व्यवस्था में महत्वपूर्ण परिवर्तन हुआ और लघु वनोपज के संग्रहण कार्य में संलग्न प्रदेश के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य कमजोर वर्ग के ग्रामीणों की आर्थिक एवं सामाजिक उत्थान हेतु वनोपज के संग्रहण एवं विपणन का कार्य सहकारी समितियों के माध्यम से किये जाने का निर्णय लिया गया।

4. jkT; ou vuqla/kku laLFkku & राज्य वन अनुसंधान संस्थान, जबलपुर, वर्ष 1963 में अस्तित्व में आया। यह संस्थान वन वनस्पति, वनवर्धन, वृक्ष सुधार, बीज तकनीकी, जैव विविधता, वन आनुवांशिकी, जैव प्रौद्योगिकी, वनोपज विपणन, वन विस्तार, वन मापिकी, वन पारिस्थितिकीय एवं पर्यावरणीय प्रभाव आदि विषयों में शोध एवं तकनीक विकसित कर उनके प्रचार–प्रसार का कार्य करता है।
5. e/;izns'k bZdksi;ZVu fodkl cksMZ & वन विभाग के अंतर्गत मध्यप्रदेश ईकोपर्यटन विकास बोर्ड एक स्वशासी संस्था है, जिसका गठन 12 जुलाई, 2005 को म.प्र. सोसाइटी रजिस्ट्रेशन एक्ट 1973 के अंतर्गत किया गया। बोर्ड द्वारा ईकोपर्यटन गतिविधियों का विस्तार किया जाता है।
6. e/;izns'k jkT; ckal fe'ku & मध्यप्रदेश राज्य बांस मिशन का गठन 03 जुलाई 2013 को राष्ट्रीय बांस मिशन की योजनाओं के क्रियान्वयन के लिये किया गया है।

मध्य प्रदेश राज्य बांस मिशन द्वारा प्रदेश में बांस आधारित उद्यमिता एवं विकास योजनाओं के तहत नर्सरी विकास, बिगड़े बांस वनों का सुधार, बांस रोपण, बांस शिल्पकारों का दक्षता निर्माण, कार्यशाला तथा बांस बाजार का आयोजन किया जा रहा है।

1-2 foHkkx esa izfrikfnr uhfr laca/kh fo"k;

वन विभाग का दायित्व वनों का वैज्ञानिक दृष्टि से प्रबंधन करना है, ताकि वनों की संवहनीयता बनाए रखते हुए उनसे वन उत्पाद प्राप्त किया जा सके, स्थानीय लोगों को उनकी आवश्यकता के वन उत्पाद यथासंभव प्राप्त हो सकें, तथा वन आधारित उद्योगों को कच्चे माल की पूर्ति की जा सके। इन दायित्वों के निर्वहन के लिए वन विभाग की निम्नानुसार प्राथमिकताएं निर्धारित की गई हैं –

1. राज्य में वनों की जैव विविधिता का संरक्षण, जिसमें वन्य पशुओं एवं वनस्पति का संरक्षण सम्मिलित है।
2. राज्य के वन, जिसमें रोपण सम्मिलित हैं, उनका संरक्षण, संवर्धन, सीमांकन, विकास, गैर–वानिकी उपयोग, वनोपज निकासी, चराई एवं अन्य निस्तार सुविधाओं का निर्धारण।
3. संयुक्त वन प्रबंध के संबंध में विभिन्न अधिनियम तथा नियमों के अनुसार नीति निर्धारण।
4. जनहानि, पशु हानि के संबंध मे नियमन तथा हिंसक हुए वन पशुओं के आखेट के लिये नियम।
5. वन तथा वन्य प्राणी संबंधी।
6. गैर–वानिकी क्षेत्रों में वानिकी गतिविधियों का विस्तार।
7. ऐसी सेवाओं से सम्बद्ध सभी विषय, जिनसे विभाग का संबंध हो (वित्त विभाग और सामान्य प्रशासन विभाग को आवंटित विषयों को छोडकर),
   mnkgj.kkFkZ ¼&नियुक्तियां, पदस्थापनाएं, स्थानान्तरण, वेतन, छुटटी, पदोन्नति, सेवानिवृत्ति वेतन, भविष्य निधि, प्रतिनियुक्ति, दण्ड तथा अभ्यावेदन।
8. चिड़ियाघर का पर्यवेक्षण ।

1-2 iz'kkflr vf/kfu;e

1- Hkkjrh; ou vf/kfu;e] 1927 ¼Øekad 69@1980½ & उक्त अधिनियम वनों, वनों की उपज की अभिवहन और इमारती लकड़ियों तथा वन–उपज पर उगाहने योग्य शुल्क से संबंधित विधि के समेकन के लिए अधिनियम – उक्त अधिनियम मध्य प्रदेश में 01 नवम्बर 1956 से प्रभावशील है।

2- oU; tho ¼laj{k.k½ vf/kfu;e] 1972 ¼Øekad 53@1972½ & उक्त अधिनियम देश की पारिस्थितिकीय और पर्यावरण में सुरक्षा सुनिश्चित करने की दृष्टि से, वन्यप्राणियों, पक्षियों और पादपों के संरक्षण के लिए तथा उनसे संबंधित या प्रासंगिक या आनुषंगिक विषयों का उपबंध करने के लिए अधिनियम। यह अधिनियम 09 सितम्बर, 1972 से प्रभावशील है।

3- e-i- dk"B fpjku ¼fofu;eu½ vf/kfu;e] 1984 ¼Øekad 13@1984½ & उक्त अधिनियम वनों एवं पर्यावरण की सुरक्षा तथा संरक्षण के लिये–आरा मिलों की स्थापना और प्रवर्तन–संक्रिया तथा काष्ठ चिरान के व्यापार का लोक हित में विनियमन करने के लिये उपबंध करने हेतु अधिनियम। अधिसूचना क्रमांक 3415–X–3–83 दिनांक 15 दिसम्बर 1983 द्वारा अध्यादेश क्रमांक 11/1983 प्रवृत किया गया था जिसका स्थान मध्य प्रदेश अधिनियम क्रमांक 13/ 1984 ने ग्रहण किया। अधिनियम क्रमांक 13/ 1984 को भूतलक्षी प्रभाव देकर 15 दिसम्बर, 1983 से ही प्रवृत किया गया।

4- ou laj{k.k vf/kfu;e] 1980 ¼Øekad 69@ 1980½ & उक्त अधिनियम वनों के संरक्षण के लिये और उससे जुड़े मामलों के लिए या उसके सहायक या आनुषंगिक विषयों के लिए उपबंध करने हेतु अधिनियम। यह अधिनियम दिनांक 25 अक्टूबर, 1980 से प्रभावशील है।

5- e-i- ou mit ¼O;kikj fofu;eu½ vf/kfu;e] 1969 & उक्त अधिनियम bekjrh लकड़ी को छोड़कर समस्त वन उपज के व्यापार विनियमन हेतु है, जो 01 नवम्बर, 1969 से प्रभावशील है।

6- e-i-ou mit dh djkjksa dk iqujh{k.k vf/kfu;e] 1987 ¼Øekad 23@1987½ & उक्त अधिनियम सरकार द्वारा क्रेताओं को दीर्घकालिक अवधि के लिये बेची गई या प्रदाय की गई वन उपज के लिए उचित कीमत प्राप्त करने हेतु, कतिपय करारों को समय–समय पर पुनरीक्षित करने की शक्ति प्राप्त करने और आय की हानि को रोकने तथा पुनरीक्षित करारों को प्रवृत करने और कतिपय अन्य विषयों के लिए उपबंध करने हेतु है। यह अधिनियम 12 अगस्त, 1987 से प्रभावशील है।

7- e-i- rsUnw iRRkk ¼O;kikj fofu;eu½ vf/kfu;e] 1964 ¼Øekad 29@1964½ & उक्त अधिनियम तेंदूपत्ता के व्यापार को लोकहित में विनियमन करके और तदर्थ उस व्यापार में राज्य का एकाधिकार उत्पन्न करने हेतु उपबंध करने हेतु है। यह अधिनिमय 28 नवम्बर, 1964 से प्रभावशील है।

8- e-i- ou Hkfe 'kk'or iVVk ifrlgj.k vf/kfu;e] 1973 & उक्त अधिनियम मध्य प्रदेश में वन भममि के समस्त शाश्वत पट्टों का प्रतिसंहरण करने तथा उससे संबंधित विषयों के लिये है। यह अधिनिमय 01 अक्टूबर, 1973 से प्रभावशील है।

9- e-i-yksd okfudh vf/kfu;e] 2001 ¼Øekad 10@ 2001½ & उक्त अधिनियम मध्य प्रदेश राज्य में निजी और राजस्व वृक्ष आच्दादित क्षेत्रों के प्रबंधन तथा उससे संसक्त या उससे आनुषंगिक विषयों को विनियमित करने और सुकर बनाने हेतु है। यह अधिनिमय 12 अप्रैल, 2001 से प्रभावशील है।

10- tSofofo/krk vf/kfu;e] 2002 & उक्त अधिनियम जैविक संसाधनों और / या सहयुक्त पारंपरिक जानकारी तक अनुसंधान या जैव सर्वेक्षण तक पहुंच की पक्रिया और अनुसंधान के लिए जैव उपयोग हेतु है। यह अधिनियम पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना दिनांक 21, नवंबर, 2014 से संशोधित होकर दिनांक 21, नवंबर, 2014 से प्रभावशील है।

——————

v/;k;&nk

i/kku e[; ou lj{kd
¼ou cy ie[k½

1-4 foHkkxh; ljpuk

प्रधान मुख्य वन संरक्षक मुख्यालय की विभिन्न शाखाओं के कार्यों पर नियंत्रण रखते हैं तथा दिशानिर्देश देते हैं। प्रधान मुख्य वन संरक्षक के कार्यालय के अंतर्गत अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक, मुख्य वन संरक्षक, वन संरक्षक तथा उप वन संरक्षक स्तर के अधिकारी विभिन्न शाखाओं के कार्यों का संपादन करते हैं।

e[;ky; Lrj ij dk;jr 'kk[kk,

- समन्वय
- प्रशासन – एक
- प्रशासन – दो
- विकास
- संरक्षण
- उत्पादन
- सूचना प्रौद्योगिकी
- अनुसंधान, विस्तार एवं लोक वानिकी
- वित्त एवं बजट
- भू–अभिलेख
- वन्यप्राणी प्रबंधन
- सतर्कता एवं शिकायत
- प्रोजेक्ट्स
- भू–प्रबंध
- मानव संसाधन विकास
- संयुक्त वन प्रंबधन एवं वन विकास अभिकरण
- नीति विश्लेषण

1-4-1 v/khuLFk {k=h; dk;ky; %&

वन क्षेत्रों का वैज्ञानिक प्रबंधन और वन संसाधन का संरक्षण व संवर्द्धन क्षेत्रीय स्तर पर गठित प्रशासनिक इकाईयों के माध्यम से किया जाता है। क्षेत्रीय इकाईयों का विवरण तालिका क्रमांक 1.1 में दर्शित है।

rkfydk Øekd 1-1
{k=h; bdkb;k dk fooj.k

bdkb;k dk idkj	l[;k
वृत्त	16
वनमंडल	63
उपवनमंडल	135
परिक्षेत्र	473
उप वन परिक्षेत्र	1871
परिसर	8286

परिसर रक्षक अपने प्रभार के परिसर में समस्त वन वर्द्धनिक एवं विकास कार्यों का दैनन्दिन क्रियान्वयन तथा वन एवं वन्यप्राणियों की सुरक्षा सुनिश्चित करता है। परिक्षेत्र सहायक, उप वनपरिक्षेत्र के प्रभार अन्तर्गत परिसरों में समस्त वन वर्द्धनिक एवं विकास कार्यों के क्रियान्वयन का नियमित तकनीकी पर्यवेक्षण तथा वन एवं वन्यप्राणियों का संरक्षण सुनिश्चित करते हैं। वन परिक्षेत्र अधिकारी अपने परिक्षेत्र में कार्य आयोजना के प्रावधानों के अनुसार समस्त क्षेत्रीय वन वर्द्धनिक कार्यों का निष्पादन, वन एवं वन्यप्राणियों का संरक्षण तथा विभागीय क्षेत्रीय विकास कार्यों का संपादन करवाते हैं और इस हेतु किये गये व्यय का लेखा संधारित करते हैं।

उप वन मंडलाधिकारी एक अथवा अधिक परिक्षेत्रों से निर्मित क्षेत्रीय इकाई (उप वन मंडल) के प्रभारी होते हैं, वे वन मण्डलाधिकारी के साथ सतत् एवं नियमित सम्पर्क में रहते हुए समस्त विभागीय कार्यों में क्षेत्रीय स्तर से सहयोग तथा प्रशासनिक नियंत्रण सुनिश्चित करते हैं। उप वनमण्डलाधिकारी, परिक्षेत्राधिकारी के माध्यम से कार्य आयोजना के प्रावधानों एवं उसके तहत वन मण्डलाधिकारी द्वारा प्रसारित निर्देशों के अनुसार वन वर्द्धनिक कार्यों का सम्पादन कराते हैं। इस हेतु

वे व्यापक क्षेत्रीय भ्रमण करते हुए वार्षिक कार्य योजना के अनुसार क्षेत्रीय कार्यों का समय सीमा के अंतर्गत मितव्ययता से सम्पादन एवं उनके सामयिक भुगतान को सुनिश्चित कराते हैं। उप वनमण्डलाधिकारी अपनी अधिकारिता क्षेत्र के समस्त भण्डार सामग्री, भवनों तथा सड़कों के प्रभारी होते हैं एवं उनके समुचित उपयोग एवं संधारण हेतु उत्तरदायी होते हैं। वनोपज विक्रय से संबंधित काष्ठागार उप वनमण्डलाधिकारी के प्रभार में होते हैं, अतः वे काष्ठागारों में वनोपज की सुरक्षा एवं व्यवस्था तथा विक्रय हेतु प्रबंधन के लिए उत्तरदायी होते हैं। उपवनमण्डलाधिकारी राजस्व के संकलन एवं खजाना दाखिली हेतु भी उत्तरदायी होते हैं। वनों की अग्नि, अतिक्रमण, अवैध कटाई एवं चराई से सुरक्षा उप वनमण्डलाधिकारी का दायित्व है, साथ ही वे परिक्षेत्रों में पदस्थ अमले में समुचित अनुशासन बनाए रखने हेतु भी उत्तरदायी होते हैं। उप वनमण्डलाधकारी जन सामान्य से विभागीय अमले के विरूद्ध प्राप्त शिकायतों एवं समस्याओं के सामयिक निराकरण एवं समाधान हेतु उत्तरदायी होते हैं, साथ ही वनग्रामों के समुचित प्रबंधन का उत्तरदायित्व भी उप वनमण्डलाधिकारी का होता है। उप वनमण्डलाधिकारी द्वारा क्षेत्रीय कार्यों के मासिक लेखों का परीक्षण कर व्यय पर प्रभावी नियंत्रण रखा जाता है, इसी प्रकार वे वन अपराधों के विधि अनुसार प्रश्मन हेतु भी उत्तरदायी होते हैं।

वन मण्डलाधिकारी वन मण्डल के राजस्व एवं व्यय लेखा पर प्रभावी नियंत्रण हेतु उत्तरदायी होते हैं। वन मण्डलाधिकारी अपने वन मण्डल में वनों का कार्य आयोजना के प्रावधानों के अनुसार प्रबंधन, वन एवं वन्यप्राणियों का संरक्षण, वन वर्द्धनिक रूप से उत्पादित काष्ठ बांस तथा जलाऊ का व्यावसायिक निर्वरतन, निस्तार आपूर्ति, लघु वनोपज का संवहनीय संग्रहण एवं विपणन तथा वनग्रामों का प्रबंधन करते हैं। इस हेतु वे वन क्षेत्रों का व्यापक क्षेत्रीय भ्रमण करते हैं तथा प्रत्येक परिक्षेत्र कार्यालयों का प्रतिवर्ष निरीक्षण करते हैं।

वन वृत्तों के भारसाधक अधिकारी के रूप में मुख्य वन संरक्षक वन वृत्त के अंतर्गत वन क्षेत्रों का व्यापक भ्रमण करते हुए वन सर्वेक्षण एवं वन व्यवस्थापन, कार्य आयोजना का निर्माण एवं क्रियान्वयन, वनों का सीमांकन, वनमार्ग एवं भवनों का निर्माण एवं रखरखाव, कार्यपालिक एवं वन सुरक्षा में संलग्न अमले की कार्यक्षमता एवं अनुशासन, वनों की स्थिति तथा उपचार विधियों का उपयोग, प्राकृतिक पुनरूत्पादन एवं उसको प्रभावित करने वाले कारक वनों की सुरक्षा तथा नियमों का पालन, वनों की उत्पादकता बढ़ाने वाले कार्य, सहायक वन वर्द्धनिक कार्य, वृक्षारोपण एवं रोपणी प्रबंधन, वन शस्य का विरलन कार्य, वनों का वैज्ञानिक प्रबंधन, प्रबंधन विधियों से वनों को लाभ एवं प्रभाव, इन समस्त कार्यों पर हुए व्यय तथा उसके परिणाम, काष्ठागारों का प्रबंधन एवं अभिलेखों का रखरखाव तथा घोष विक्रय का क्रियान्वयन आदि कार्यों का निरीक्षण कर प्रभावी नियंत्रण रखते हैं। विभागीय कार्यों पर प्रचलित नियमों के अनुरूप हो रहे व्यय पर नियंत्रण रखने के साथ–साथ वन मण्डलाधिकारी एवं अधीनस्थ अमले द्वारा अपने कर्तव्यों का निष्पादन पर्याप्त ज्ञान, उत्तरदायित्व एवं अनुशासन के साथ संपन्न कराने का उत्तरदायित्व भी मुख्य वन संरक्षक का है। मुख्य वन संरक्षक अपनी अधिकारिता क्षेत्र के समस्त वनमण्डल कार्यालयों का वर्ष में एक बार निरीक्षण कर विस्तृत प्रतिवेदन प्रधान मुख्य वन संरक्षक को प्रेषित करते हैं।

अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक, मुख्यालय में विभिन्न शाखाओं से संबंधित कार्य प्रधान मुख्य वन संरक्षक के प्रशासकीय नियंत्रण में सम्पन्न करते हैं। भारत सरकार द्वारा मध्य प्रदेश संवर्ग में प्रधान मुख्य वन संरक्षक (जैव विविधता संरक्षण एवं मुख्य वन्यप्राणी अभिरक्षक) का पद स्वीकृत किया गया है, जिनके नियंत्रण में मध्य प्रदेश के समस्त वन्यप्राणी संरक्षण क्षेत्र आते हैं। वे वन्यप्राणी प्रबंधन एवं संरक्षण से संबंधी समस्त तकनीकी विषयों को सीधे नियंत्रित करते हैं, साथ ही प्रदेश के विभिन्न वन्यप्राणी एवं क्षेत्रीय वनमण्डलों के अंतर्गत वन्यप्राणी प्रबंधन एवं संरक्षण से संबंधित विषयों को क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक के माध्यम से नियंत्रित करते हैं। इसी प्रकार भारत सरकार, कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय (कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग) की अधिसूचना क्रमांक 16016/ 03/ 2008–AIS–I(**A**) दिनांक 26.08.2008 से प्रधान मुख्य वन संरक्षक (कार्य आयोजना एवं वन भू अभिलेख) का पद स्वीकृत है, जिनके कार्यक्षेत्र में कार्यआयोजना के साथ–साथ वन भू अभिलेख शाखा के कार्य आते हैं।

प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख वानिकी से संबद्ध विषयों हेतु शासन के तकनीकी सलाहकार होते हैं। विभाग से संबंधित मुद्दों को जिसमें राज्य शासन स्तर से कार्यवाही

अपेक्षित होती है, प्रधान मुख्य वन संरक्षक द्वारा शासन के संज्ञान में लाया जाता है, इसी प्रकार अखिल भारतीय सेवा एवं अधीनस्थ वन सेवा से संबंधित तकनीकी मामले भी आवश्यकतानुसार शासन के संज्ञान में लाये जाते हैं। प्रधान मुख्य वन संरक्षक कार्य आयोजना क्रियान्वयन, अग्नि सुरक्षा एवं वन वर्धनिक कार्यों जैसे तकनीकी विषयों, लिपिकीय एवं अधीनस्थ कार्यपालिक स्थापना से संबंधित विषयों, विभाग प्रमुख के रूप में उन्हें प्रत्यायोजित अधिकारों तथा वित्तीय अधिकारों के विषय में अपनी स्वयं की अधिकारिता में स्वतंत्र रूप से कार्य करते हैं। वानिकी विषयों के संबंध में राज्य शासन के प्रधान सलाहकार की भूमिका के साथ–साथ प्रधान मुख्य वन संरक्षक की विभागीय कार्यों के प्रभावी नियंत्रण हेतु वन क्षेत्रों के निरीक्षण की महत्वपूर्ण भूमिका है। विभाग द्वारा वन महानिर्देशक, भारत सरकार के साथ व्यावसायिक एवं तकनीकी विषयों पर पत्राचार प्रधान मुख्य वन संरक्षक के माध्यम से किया जाता है। प्रधान मुख्य वन संरक्षक निर्माणाधीन वन की कार्य आयोजनाओं का पर्यवेक्षण करते हैं एवं उनकी औपचारिक पूर्णता का आदेश जारी करते हैं।

प्रधान मुख्य वन संरक्षक राज्य की वन नीति की निरंतरता सुनिश्चित करने हेतु वन संरक्षण एवं वन वर्धनिक सुधारों पर प्रभावी पर्यवेक्षण एवं निरीक्षण करते हैं। वे शासकीय वनोपज के विक्रय, आपूर्ति, मूल्यवान वनोपज के संग्रहण तथा भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद के महानिर्देशक की सलाह से राज्य में वानिकी अनुसंधान का संचालन करते हैं। प्रधान मुख्य वन संरक्षक के सामान्य कर्तव्यों में बजट व्यवस्था का सुदृढ़ीकरण तथा बजट प्रावधानों के युक्तियुक्तकरण के प्रास्ताव शासन को प्रस्तुत करना सम्मिलित है। विभाग का वार्षिक प्रशासनिक प्रतिवेदन प्रधान मुख्य वन संरक्षक द्वारा तैयार कर राज्य शासन को प्रस्तुत किया जाता है। अपने कार्यालय का निरीक्षण प्रधान मुख्य वन संरक्षक द्वारा किया जाता है, साथ ही अधीनस्थ क्षेत्रीय कार्यालयों का वार्षिक निरीक्षण भी मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों के माध्यम से करवाया जाकर समीक्षा की जाती है।

प्रदेश में वनों की उत्पादकता बढाने एवं वनक्षेत्रों के बाहर सामुदायिक एवं निजी भूमि पर वनीकरण हेतु प्रदेश के 11 कृषि जलवायु परिक्षेत्रों में अनुसंधान एवं विस्तार वृत्त स्थापित किये गये हैं। इसके अतिरिक्त प्रदेश में कार्य आयोजना के पुनरीक्षण कार्य हेतु 3 कार्य आयोजना (ऑचलिक) वृत्त तथा 16 कार्य आयोजना इकाईयों की स्थापना की गई है। कार्य आयोजना के प्रावधानों के अनुसार कूपों से वनोपज के विदोहन एवं विक्रय काष्ठागारों के माध्यम से विक्रय हेतु 11 उत्पादन वनमंडलों एव विक्रय इकाई की स्थापना की गई है। इन इकाईयों का विस्तृत विवरण ifjf'k"V&1 में संलग्न है। क्षेत्रीय इकाईयों की प्रशासनिक नियंत्रण व्यवस्था तालिका क्रमांक 1.2 में दर्शित है।

rkfydk Øekad 1-2

{ks=h; bdkb;ksa dh fu;a=.k 0;oLFkk

Ø-	{ks=h; bdkbZ dk fooj.k	fu;a=.k vf/kdkjh
1	परिसर रक्षक (बीट गार्ड)	वन परिक्षेत्र अधिकारी
2	परिक्षेत्र सहायक	
3	वन परिक्षेत्र अधिकारी (सामान्य / उत्पादन)	वन संरक्षक एवं पदेन वन मंडल अधिकारी (सामान्य / उत्पादन)
4	उप वनमण्डल अधिकारी (सामान्य / उत्पादन)	
5	वन संरक्षक एवं पदेन वन मंडल अधिकारी / वन मंडल अधिकारी (सामान्य / उत्पादन) तथा संचालक वन विद्यालय	मुख्य वन संरक्षक (क्षेत्रीय) एवं वन वृत्त के भारसाधक अधिकारी
6	वन परिक्षेत्र अधिकारी (अनुसंधान एवं विस्तार)	मुख्य वन संरक्षक (अनुसंधान एवं विस्तार) वृत्त
7	मुख्य वन संरक्षक / वन संरक्षक (कार्य आयोजना)	अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक, कार्य आयोजना (आचंलिक) भोपाल, इंदौर, जबलपुर
8	मुख्य वन संरक्षक (क्षेत्रीय) वन वृत्त	अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक, (विकास) म.प्र., भोपाल
9	मुख्य वन संरक्षक (अनुसंधान विस्तार) वृत्त	अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक, (अनुसंधान विस्तार एवं लोक वानिकी) म.प्र., भोपाल
10	क्षेत्र संचालक / संचालक राष्ट्रीय उद्यान	प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्य प्राणी) म.प्र., भोपाल
11	अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक, कार्य आयोजना (आचंलिक) भोपाल, इंदौर, जबलपुर	प्रधान मुख्य वन संरक्षक, (कार्य आयोजना एवं वन भू–अभिलेख) म.प्र., भोपाल
12	अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक, (मुख्यालय–समस्त) म.प्र., भोपाल	प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन बल प्रमुख) मध्यप्रदेश, भोपाल

1-4-2 & LFkkiuk

Hkkjrh; ou lsok

भारत सरकार, कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय (कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग) की अधिसूचना क्रमांक 16016/03/2008 ए.आई.एस.–दो (ए) दिनांक 26 अगस्त, 2008 द्वारा मध्य प्रदेश संवर्ग के भारतीय वन सेवा अधिकारियों का संवर्ग पुनरीक्षण किया गया है। इसी प्रकार मध्य प्रदेश शासन, वन विभाग के ज्ञाप क्रमांक/एफ 3–20/2009/10–4, दिनांक 11.09.2009 एवं दिनांक 09.04.2010 से क्रमशः 5 एवं 6, कुल 11 मुख्य वन संरक्षक स्तर के संवर्गीय पदों को स्थगित रखते हुए अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक स्तर के 11 पदों का सृजन किया गया है। इन अतिरिक्त संवर्गीय पदों के लिए भारत सरकार, पर्यावरण एवं वन मंत्रालय के पत्र क्रमांक F.No. 16017/03/2008–IFS–II, दिनांक 28.10.2010 एवं F.No. 16017/01/2012–IFS–II, दिनांक 18.12.2013 से सहमति प्राप्त है। विवरण तालिका क्रमांक 1.3 में दर्शित है।

rkfydk Øekad 1-3

Hkkjrh; ou lsok ¼e/; izns'k laoxZ½ dh infLFkfr ¼1-12-2014 dh fLFkfr esa½

in	la[;k	dk;Zjr		fjDr
		पदों के विरूद्ध	लीव रिजर्व	
प्रधान मुख्य वन संरक्षक	3	3	–	–
अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक	21	21	3	–
मुख्य वन संरक्षक	57	57	6	–
वन संरक्षक	34	28	–	6
उप वन संरक्षक	65	65	2	–
dqyofj"B in	180	174	11	6
केन्द्रीय प्रतिनियुक्ति रिजर्व	36	24	–	–
राज्य प्रतिनियुक्ति रिजर्व	45	46	–	–
प्रशिक्षण रिजर्व	6	–	–	–
लीव रिजर्व तथा कनिष्ठ पद रिजर्व	29	2	–	–
परिवीक्षाधीन	–	12	–	–
dqy ikf/kd`r la[;k	296	258	11	6

jkT; ou lsok

राज्य वन सेवा के अधिकारी उप वनमंडलाधिकारी/ सहायक वन संरक्षक के पदों पर कार्यरत हैं। ये वनमंडलाधिकारी को क्षेत्रीय कार्यो में सहयोग करते हैं तथा अपने क्षेत्रान्तर्गत समस्त क्षेत्रीय कार्यो पर नियंत्रण रखते हैं। सेवा के लिए स्वीकृत पदों तथा उनके विरूद्ध कार्यरत अधिकारियों के पदों की स्थिति तालिका क्रमांक 1.4 में दर्शित है।

rkfydk Øekad 1-4

jkT; ou lsok dh infLFkfr ¼1-12-2014 dh fLFkfr esa½

Ø-	laoxZ dk uke	Lohd`r inksa dh la[;k	dk;Zjr la[;k	fjDr
1	राज्य वन सेवा 'अ' – विभाग में कार्यरत	359	304	55
	'ब' – प्रतिनियुक्ति पर	98	94	4
	;ksx	457	398	59

v/khuLFk dk;Zikfyd lsok,a

वन विभाग के अधीनस्थ कार्यपालिक पदों के रूप में वनरक्षक, वनपाल, उपवन क्षेत्रपाल एवं वनक्षेत्रपाल के पद स्वीकृत हैं। वन विभाग की सबसे छोटी इकाई परिसर रक्षक के पद पर वनरक्षक कार्य करते हैं। इनका प्रशासकीय नियंत्रण परिक्षेत्र सहायक करते हैं जो उप वनक्षेत्रपाल स्तर के अधिकारी हैं। परिक्षेत्र सहायक वनपरिक्षेत्रधिकारी के अधीनस्थ कार्य करते हैं, जो वनक्षेत्रपाल स्तर के अधिकारी हैं। इन सभी का मुख्य कार्य अपने क्षेत्र के अन्तर्गत समस्त वनवर्धनिक एवं विकास कार्य का क्रियान्वयन तथा वन एवं वन्यप्राणी की सुरक्षा सुनिशिचत करना है। इनके कार्यों का विस्तृत विवरण ifjf'k"V&2 में दर्शित है। अधीनस्थ कार्यपालिक सेवाओं के स्वीकृत पदों का विवरण तालिका क्रमांक 1.5 में दर्शित है।

rkfydk Øekad 1-5

अधीनस्थ कार्यपालिक सेवाओं के पदों का विवरण (31.12.2014 की स्थिति में)

Øa-	lsoxZ	Lohd`r	dk;Zjr	fjDr
1	वनरक्षक	14009	11354	2655
2	वनपाल	4189	3679	510
3	उपवनक्षेत्रपाल	1258	1057	201
4	वनक्षेत्रपाल	1194	781	413
	;ksx %&	20650	16871	3779

fyfidh; lsok,a

वन विभाग के अधीनस्थ विभिन्न कार्यालयों में पदस्थ लिपिकीय सेवाओं के लिए स्वीकृत पदों का विवरण तालिका क्रमांक 1.6 में दर्शित है।

rkfydk Øekad 1-6

fyfidh; lsokvksa ds fy, Lohd`r inksa dk fooj.k ¼fnukad 31-12-2014 dh fLFkfr esa½

Øa-	lsoxZ	Lohd`r	dk;Zjr	fjDr
1	सहायक ग्रेड–3	1487	1287	200
2	सहायक ग्रेड–2	379	433	.54
3	लेखापाल	244	167	77
4	सहायक ग्रेड–1	192	120	72
5	लेखा अधीक्षक	75	75	0
6	अधीक्षक	35	35	0
7	प्रशासकीय / लेखा अधिकारी	20	13	7
8	शीघ्रलेखक	197	143	54
9	मानचित्रकार	203	115	88
	;ksx %&	2832	2388	444

prqFkZ Js.kh lsok,a

वन विभाग के अधीनस्थ विभिन्न कार्यालयों में पदस्थ चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों का विवरण तालिका क्रमांक 1.7 में दर्शित है।

rkfydk Øekad 1-7

prqFkZ Js.kh lsokvksa ds fy, Lohd`r inksa dk fooj.k ¼fnukad 31-12-2014 dh fLFkfr esa½

Øa-	lsoxZ	Lohd`r	dk;Zjr	fjDr
1	सुपरवाईजर	20	14	6
2	दफ्तरी	195	149	46
3	भृत्य/अर्दली/खलासी /फर्रास	950	833	117
	;ksx %&	1165	996	169

fofo/k lsok,¡

वन विभाग के अधीनस्थ विभिन्न कार्यालयों के लिए स्वीकृत अन्य विविध पदों का विवरण तालिका क्रमांक 1.8 में दर्शित है।

rkfydk Øekad 1-8
fofo/k inksa dk fooj.k

Ø-	in	Lohd`r	dk;Zjr	fjDr
1	मुख्य आरक्षक	5	0	05
2	आरक्षक	15	0	15
3	महावत / मुख्य महावत	49	8	41
4	वाहन चालक	613	418	195
5	चाराकटर	49	27	22
	;ksx %&	731	453	278

vuqdEik fu;qfDr

असामयिक दिवंगत शासकीय सेवक के परिवार के योग्य उत्तराधिकारियों को सहायक ग्रेड–3, वनरक्षक, वाहन चालक एवं चतुर्थ श्रेणी संवर्ग में रिक्त पदों पर प्रवर्ग अनुसार नियुक्ति का प्रावधान है। विगत पॉच वर्षों में विभाग के अन्तर्गत अनुकम्पा नियुक्ति का विवरण तालिका क्रमांक 1.9 में दर्शित है।

rkfydk Øekad 1-9
izdj.kksa dk fooj.k ¼o"kZ 2010 ls fnlEcj 14 rd½

fooj.k		o"kZ				
		2010	2011	2012	2013	2014
प्रकरण संख्या		169	220	281	294	281
निराकृत (नियुक्ति)		48	41	90	100	192
अमान्य प्रकरण		4	2	1	5	5
लंबित प्रकरण	कलेक्टर स्तर पर	29	43	21	100	43
	प्रक्रियाधीन	88	134	169	89	41
	;ksx izdj.k	117	177	190	189	84

1-4-3 ekuo lalk/ku fodkl

प्रदेश के वन बल को अनुशासित एवं व्यवसायिक रुप से वन प्रबंध में दक्ष करने के लिये वन विभाग प्रतिबद्ध है। यह अधिकारियों व कर्मचारियों के प्रशिक्षण से संभव है। क्षमता विकास एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम में वन अधिकारियों एवं कर्मचारियों की भर्ती उपरान्त व्यवसायिक प्रशिक्षण एवं सेवारत प्रशिक्षण आयोजित किये जाते हैं।

विभिन्न संवर्गो में भर्ती उपरान्त संबंधित संस्थानों से प्रशिक्षण प्राप्त कर भारतीय वन सेवा, राज्य वन सेवा, वनक्षेत्रपाल एवं वनरक्षकों के लिये निर्धारित समयाविधि में क्षेत्रीय वनमंडलों में प्रशिक्षण आयोजित किये जाते हैं। प्रदेश में वर्ष 2014–15 में सीधी भर्ती से नवनियुक्त अधिकारी व कर्मचारी विभिन्न संस्थानों में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं, जिसका विवरण तालिका क्रमांक 1.10 में दर्शित है।

rkfydk Øekad 1-10
izf'k{k.kkfFkZ;ksa dk fooj.k

vuq-Ø-	laoxZ	la[;k
1	भारतीय वन सेवा	6
2	सहायक वन संरक्षक	10
3	वनक्षेत्रपाल	52
4	वनरक्षक	620

वनरक्षक से वनपाल एवं उपवनक्षेत्रपाल से वनक्षेत्रपाल पद पर पदोन्नति उपरांत क्रमशः 45 दिवस एवं 6 माह का प्रशिक्षण कार्यक्रम अनिवार्य रूप से सफलतापूर्वक पूर्ण करना आवश्यक है। इसके अतिरिक्त सेवारत वनकर्मचारियों के लिये विशिष्ट वन्यप्राणी प्रबंधन एवं समकालीन वानिकी विषयों पर प्रशिक्षण प्रदेश के 9 वन विद्यालयों में आयोजित किये जाते हैं। क्षेत्रीय कार्यों एवं कार्य आयोजना के क्रियान्वयन के लिये प्रशिक्षण हेतु वृत्त, वनमंडल, उपवनमंडल एवं परिक्षेत्र स्तर पर स्थानीय कर्मचारियों के लिये प्रतिवर्ष माह जुलाई–सितम्बर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं।

v/kkslajpuk

प्रदेश में वन कर्मचारियों के प्रशिक्षण के लिये 9 प्रशिक्षण संस्थायें स्थित हैं। यह प्रशिक्षण संस्थायें प्रदेश के प्रत्येक भाग में स्थित हैं, ताकि प्रशिक्षण के लिये सुविधाजनक स्थिति निर्मित हो सके। वनरक्षक प्रशिक्षण वन विद्यालयों में वनरक्षक एवं पदोन्नत वनपालों के प्रशिक्षण के अतिरिक्त सेवारत रिफ्रेशर प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किये जाते हैं। इस हेतु विभाग द्वारा प्रदेश में निम्नानुसार प्रशिक्षण संस्थानों का संचालन किया जा रहा है। विवरण तालिका क्रमांक 1.11 में दर्शित है।

rkfydk Øekad 1-11
izf'k{k.k laLFkkuksa dk fooj.k

vu-Ø-	laoxZ	izf'k{k.k laLFkku
1	वनक्षेत्रपाल	वनक्षेत्रपाल महाविद्यालय, बालाघाट
2	वनरक्षक	वन विद्यालय, अमरकंटक
3	वनरक्षक	वन विद्यालय, बैतूल
4	वनरक्षक	वन विद्यालय, गोविन्दगढ़
5	वनरक्षक	वन विद्यालय, झाबुआ
6	वनरक्षक	वन विद्यालय, लखनादौन
7	वनरक्षक	वन विद्यालय, शिवपुरी
8	वनरक्षक	वन विद्यालय,पचमढ़ी
9	–	जैवविविधता प्रशिक्षण केन्द्र, ताला

टीप :– ताला उमरिया स्थिति जैवविविधता प्रशिक्षण केन्द्र वन्यप्राणी शाखा द्वारा संचालित किया जाता है, जिसमें राष्ट्रीय उद्यान के अधिकारियों द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

1-4-4 la;qDr ou izca/k

राष्ट्रीय वन नीति के अनुसरण में जन भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए मध्य प्रदेश शासन, वन विभाग ने संयुक्त वन प्रबंधन की अवधारणा को अंगीकार किया है। वन सुरक्षा एवं वन विकास के समस्त कार्यों में जन भागीदारी को सुनिश्चित करने के लिये मध्य शासन द्वारा 22 अक्टूबर, 2001 को संशोधित संकल्प पारित किया गया है, जिसमें निम्नानुसार तीन प्रकार की संयुक्त वन प्रबंधन समितियों के गठन का प्रावधान हैः –

(i) ou lqj{kk lfefr : सघन वनक्षेत्रों में वनखंड सीमा के पांच किलोमीटर दूरी तक स्थित ग्रामों में आने वाली समितियों को वन सुरक्षा समिति कहा जाता है। यह ऐसे वन क्षेत्र हैं जिनसे नियमित वानिकी कार्यों के अन्तर्गत वन उत्पाद प्राप्त किये जाते है।

(ii) xzke ou lfefr % बिगड़े वनक्षेत्रों में वनखंड सीमा से पांच किलोमीटर दूरी तक स्थित ग्रामों में आने वाली समितियों को ग्राम वन समिति कहा जाता है। यह ऐसे वन क्षेत्र हैं जो जैविक दबाव के कारण विरल हो गये हैं तथा जिनका पुनर्वनीकरण पुनः स्थापन किया जाना आवश्यक है।

(iii) bZdks fodkl lfefr % राष्ट्रीय उद्यान तथा अभ्यारण्य क्षेत्रों में स्थित समस्त ग्राम, उनकी बाहरी सीमा से पांच किलोमीटर की परिधि में स्थित ऐसे ग्राम जिनका प्रभाव संरक्षित क्षेत्र प्रबंधन के अनुसार संरक्षित क्षेत्र के प्रबंध पर पड़ता है तथा जहां बफर क्षेत्र चिन्हित है, वहां बफर क्षेत्र के समस्त ग्रामों में वनों के प्रबंध में जन–सहयोग प्राप्त करने हेतु बनाई गई समिति को ईको विकास समिति कहा जाता है।

संकल्प अनुसार वोट देने का अधिकार रखने वाले समस्त ग्रामीण आम सभा के सदस्य होंगे। राज्य शासन द्वारा जारी समसंख्यक अधिसूचना दिनांक 14.01.08 द्वारा दिनांक 22 अक्टूबर, 2001 के संकल्प की कंडिका 5.2 को संशोधित करते हुए अध्यक्ष पद के एक तिहाई पद महिलाओं हेतु आरक्षित किये गये हैं। साथ ही अध्यक्ष / उपाध्यक्ष में से एक पद पर महिला का होना अनिवार्य किया गया है। अनुसूचित जाति, जनजाति व पिछड़ा वर्ग के सदस्यों का अनुपात ग्राम सभा में यथासंभव इनकी जनसंख्या के अनुपात में होगा तथा कार्यकारिणी में न्यूनतम 33 प्रतिशत महिलाएं होंगी।

वन समितियों की कुल संख्या 15]228 है, जिनके द्वारा 66,874 वर्ग कि.मी. वन क्षेत्रों का प्रबंधन किया जा रहा है। जिसका विवरण तालिका क्रमांक 1.12 में दर्शित है।

rkfydk Øekad & 1-12
lfefr;ksa ,oa dk;ksZa dk fooj.k

lfefr dk izdkj	lfefr;ksa dh la[;k	izcaf/kr {ks= ¼oxZ fdeh½
ग्राम वन समिति	9650	37268
वन सुरक्षा समितिः	4747	25904
ईको विकास समिति	831	3702
;ksx&	15228	66874

वर्ष 2014 में पूरे प्रदेश में संयुक्त वन प्रबंधन समितियों के सदस्यों को प्रशिक्षित एवं उनके सुदृढ़ीकरण हेतु 93 जागरूकता एवं प्रशिक्षण सम्मेलन आयोजित किये गये। समितियों के सशक्तीकरण हेतु शासन द्वारा ग्रामीण सदस्यों को सचिव बनाने का निर्णय लिया गया, जिसके तहत आज की स्थिति में 3938 ग्रामीण सदस्यों, जिन्होंने 2 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण किया है, को समिति का सचिव बनाया जा चुका है। शासन का यह निर्णय समितियों को स्वाबलम्बी बनाने और स्वतः निर्णय लेने में सहायक होगा।

ykHkka'k forj.k &

शासनादेश दिनांक 30.05.12 के द्वारा बांस के विदोहन से प्राप्त शुद्ध लाभ का शत–प्रतिशत कटाई में संलग्न श्रमिकों को उनके द्वारा किये गये कार्य के अनुरूप वितरित किया जा रहा है। काष्ठ लाभांश की राशि का 10 प्रतिशत वर्तमान में संयुक्त वन प्रबंधन समितियों को प्रदाय किया जा रहा है। लाभांश वितरण की विवरण तालिका क्रमांक 1.13 में दर्शित है।

rkfydk Øekad & 1-13
forfjr ykHkka'k fooj.k

¼jkf'k djksM+ esa½

ykHkka'k o"kZ	forj.k o"kZ	dk"B ykHkka'k	ckal ykHkka'k	dqy ykHkka'k
2009–10	2010–11	25.63	0.14	25.77
2010–11	2011–12	22.04	0.46	22.50
2011–12	2012–13	24.13	8.76	32.89
2012–13	2013–14	22.92	14.94	37.86
2013–14	2014–15	20.43	18.27	38.70

jkT; ou fodkl vfHkdj.k &

राज्य वन विकास अभिकरण का गठन 19.04.2010 को किया गया था, जिसका उद्‌देश्य संयुक्त वन प्रबंध समितियों के माध्यम से बिगड़े वन क्षेत्रों में तथा रिक्त वन क्षेत्रों में वृक्षारोपण का कार्य कराना है। राज्य वन विकास अभिकरण द्वारा राष्ट्रीय वनीकरण योजना का क्रियान्वयन किया जाता है। विगत पांच वर्षों में राष्ट्रीय वनीकरण योजना के अंतर्गत कराये गये वृक्षारोपण का विवरण तालिका क्रमांक 1.14 में दर्शित है।

rkfydk Øekad & 1-14

jk"Vªh; ouhdj.k ;kstukUrxZr o"kZokj o{kkjksi.k

fooj.k	o"kZ				
	2010&11	2011&12	2012&13	2013&14	2014&15
स्वीकृत राशि (लाख रूपये में)	3038.98	2253.39	914.54	2210.21	2100.00
क्षेत्र तैयारी (हे.में)	16645	7105	4925	4890	4786
रोपण कार्य (हे.में)	27768	16645	7105	4925	4890

1-4-5 vuqla/kku ,oa foLrkj

मध्यप्रदेश के वनों की उत्पादकता बढ़ाने एवं वन क्षेत्रों के बाहर सामुदायिक एवं निजी भूमि पर वनीकरण का कार्य किया जाकर वनोपज की आवश्यकता की पूर्ति हेतु प्रदेश के 11 कृषि जलवायु प्रक्षेत्रों में भोपाल, जबलपुर, रीवा, ग्वालियर, सागर, इंदौर, खंडवा, झाबुआ, रतलाम, सिवनी एवं बैतूल में एक–एक अनुसंधान एवं विस्तार वृत्त स्थापित किये गये हैं। प्रत्येक अनुसंधान एवं विस्तार वृत्त के अन्तर्गत उच्च तकनीकी रोपणियॉ स्थापित की गई है। वर्तमान में 161 रोणणियॉ विभिन्न अनुसंधान एवं विस्तार वृत्तों में कार्यरत हैं, जहॉ सभी प्रजातियों के उचित गुणवत्ता के सामान्य एवं ग्राफ्टेड पौधे तैयार किये जा रहें।

अनुसंधान विस्तार वृत्त की विभिन्न रोपणियों में विगत पॉच वर्षों में तैयार किये गये पौधे, उनका निर्वतन एवं प्राप्त राजस्व का विवरण तालिका क्रमांक 1.15 में दर्शित है।

rkfydk Øekad &1-15

jksif.k;ksa esa rS;kj ikS/ks ¼31-01-15 rd½

fooj.k	o"kkZokj rS;kj ikS/ks ¼la[;k yk[k esa½				
	2010&11	2011&12	2012&13	2013&14	2014&15
तैयार पौधे	625.01	744.48	814.58	941.25	1071.53
jksif.k;ksa ls fuofrZr ikS/ks ¼31-01-15 rd½					
विभागीय रोपण हेतु प्रदाय	165.03	212.32	282.30	341.75	405.33
अन्य शासकीय विभागों/पंचायतों को विक्रय	49.32	22.85	26.15	14.62	8.14
निजी व्यक्ति / संस्था को विक्रय	14.66	18.40	14.22	12.94	20.50
;ksx	229-06	253-57	322-67	369-31	433-97
ikS/kk foØ; ls izkIr jktLo ¼31-01-2015½					
वन विभाग से	61.27	1.12	0.00	7.95	0.00
अन्य विभागों से	315.52	161.80	178.63	95.81	51.71
निजी व्यक्ति / संस्था से	94.53	94.87	100.51	90.07	99.00
;ksx	471-32	257-79	279-14	193-83	150-71

ykdokfudh

लोकवानिकी अधिनियम, 2001, का मुख्य उद्देश्य निजी वृक्ष आच्छादित क्षेत्रों का वैज्ञानिक प्रबंधन करते हुए निजी वानिकी का प्रोत्साहन एवं उसे लाभदायक व्यवसाय बनाना है। लोकवानिकी योजना 01 मई 2003 से पूरे प्रदेश में लागू की गई है। योजना के क्रियान्वयन के लिए मध्यप्रदेश लोकवानिकी नियम 2002 बनाये गये हैं। लोकवानिकी अंतर्गत 10 हे0 से कम क्षेत्र की प्रबंध

योजनाओं की स्वीकृति संबंधित क्षेत्रीय वनमंडलाधिकारी एवं 10 हे0 से अधिक क्षेत्र की प्रबंध योजनाएं भारत शासन द्वारा स्वीकृत की जाती हैं। सक्षम अधिकारी से प्रबंध योजना की स्वीकृति प्राप्त हो जाने के पश्चात यथास्थिति प्रत्येक भूमिस्वामी, ग्राम पंचायत या ग्राम सभा प्रबंध योजना के विधानों तथा शर्तों के अनुरूप उसका क्रियान्वयन कर सकते हैं। लोकवानिकी योजना अंतर्गत अब तक 10 हेक्टेयर से कम क्षेत्र की 2846 योजनाएं एवं 10 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्रों की 31 प्रबंध योजनाएं स्वीकृत हुई हैं।

1-4-6 Hk&i:c/k

वन भूमि व्यपवर्तन

आरक्षित एवं संरक्षित वनों में प्रतिबंधित गतिविधियों की अनुमति दिये जाने के विशेष अधिकार भारतीय वन अधिनियम, 1927 के अंतर्गत राज्य सरकार तथा वन अधिकारियों में निहित हैं। भारत सरकार ने वर्ष 1980 मे वन (संरक्षण) अधिनियम 1980 लागू किया जिसके अंतर्गत यह प्रावधानित है कि कोई राज्य शासन अथवा वन अधिकारी भारत सरकार के पूर्व अनुमोदन के पश्चात् ही वन भूमि के गैर वानिकी उपयोग हेतु आदेश दे सकेंगे। इस प्रावधान द्वारा राज्य सरकार तथा वन अधिकारियों के गैर वानिकी उपयोग की अनुमति देने के असीमित अधिकारों को सीमित किया गया है। **इस अधिनियम की धारा–2 के अंतर्गत निम्न प्रावधान हैं :–**

''किसी राज्य में तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य विधि में किसी बात के होते हुए भी, कोई राज्य सरकार या अन्य प्राधिकारी यह निदेश करने वाला कोई आदेश, केन्द्रीय सरकार के पूर्ण अनुमोदन के बिना नहीं देगा :–

(1) कि कोई आरक्षित वन उस राज्य में तत्समय प्रवृत्त किसी विधि में ''आरक्षित वन'' पद के अर्थ में या उसका कोई प्रभाग आरक्षित नहीं रह जाएगा :

(2) कि किसी वन भूमि या उसके किसी प्रभाग को किसी वनेत्तर प्रयोजन के लिए उपयोग में लाया जाए

(3) कोई वन भूमि या उसका कोई प्रभाग पट्टे पर या अन्यथा किसी प्राइवेट व्यक्ति या किसी प्राधिकरण, निगम, अभिकरण या आय संगठन को, जो सरकार के स्वामित्व, प्रबन्ध, नियंत्रण के अधीन नहीं है, समनुदेशित किया जाए

(4) किसी वन भूमि या उसके किसी भाग से, पुर्नवनरोपण के लिए उसका उपयोग करने के प्रयोजन के लिए, उन वन वृक्षों को, जो उस भूमि या प्रभाग में प्राकृतिक रूप से उग आए हैं, काटकर साफ किया जा सकता है।''

किसी भी आवेदक संस्थान द्वारा वन भूमि का गैर वानिकी उपयोग प्रस्तावित होने पर वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 के अन्तर्गत निर्धारित प्रारूप में निश्चित अभिलेखों के साथ ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत किया जाना अपेक्षित है जो कि क्षेत्रीय अधिकारियों के परीक्षण एवं राज्य सरकार के अनुमोदन उपरान्त भारत सरकार को भेजा जाता है। भारत सरकार द्वारा प्रकरण में कुछ शर्तों के साथ सैद्धांतिक अनुमति दी जाती है। आवेदक तथा क्षेत्रीय अधिकारियों द्वारा शर्तों की पूर्ति उपरान्त भारत सरकार से वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 की धारा–2 के अंतर्गत वन भूमि के गैर वानिकी उपयोग हेतु औपचारिक अनुमोदन प्राप्त किया जाता है। भारत सरकार के औपचारिक अनुमोदन उपरान्त राज्य शासन द्वारा वन भूमि के गैर वानिकी उपयोग हेतु स्वीकृति जारी की जाती है। गैर वानिकी उपयोग हेतु व्यपवर्तित वन भूमि प्रकरणों की जानकारी **परिशिष्ट –3** में संलग्न है।

वन (संरक्षण) अधिनियम लागू होने के पश्चात् से प्राप्त आवेदनों एवं उनके निराकरण की स्थिति दर्शानेवाली तालिका क्रमांक 1.16 में दर्शित है।

rkfydk Øekd &1-16

प्राप्त आवेदन एवं निराकरण

क्र.	विवरण	2011	2012	2013	2014
1	प्राप्त आवेदन	1167	38	39	36
2	स्वीकृत प्रकरण	800	36	33	35
3	अस्वीकृत प्रकरण	191	18	–	–
4	विचाराधीन प्रकरण	–	–	–	225
	(अ) सैद्धांतिक स्वीकृति हेतु प्रक्रियाधीन	–	–	–	93

	(ब) औपचारिक स्वीकृति हेतु प्रक्रियाधीन	—	—	—	132

वर्ष 1980 से दिसम्बर 2013 तक की अवधि में वन भूमि व्यपवर्तन का गोशवारा तालिका क्रमांक 1.17 दर्शित है :–

rkfydk Øekad &1-17

उपयोगवार वन भूमि का व्यपवर्तन

क्र.	उपयोग	1980&1990		1991&2000		2001&2010		2011&2013		कुल व्यपवर्तित वन भूमि	प्रतिशत
		व्यपवर्तित वन भूमि	प्रतिशत	व्यपवर्तित वन भूमि	प्रतिशत	व्यपवर्तित वन भूमि	प्रतिशत	व्यपवर्तित वन भूमि	प्रतिशत		
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
1	सिंचाई	62793.520	75.683	6367.356	16.231	8947.758	53.876	537.633	11.496	78646.267	54.812
2	विद्युत	2524.101	3.042	487.395	1.242	2369.214	14.266	1111.551	23.768	6492.261	4.525
3	खनिज	4491.253	5.413	5488.059	13.989	4071.873	24.518	2569.446	54.941	16620.631	11.584
4	विविध	702.291	0.846	4652.352	11.859	1211.598	7.295	458.104	9.795	7024.345	4.896
5	रक्षा	12458.038	15.015	22235.491	56.679	7.519	0.045			34701.048	24.185
योग		82969-	100-	39230-	100-	16607-	100-	4676-	100-	143484-	100-

पिछले 4 दशकों में वन भूमि का गैर वानिकी उपयोग हेतु व्यपवर्तन सतत् रूप से कम हुआ है तथा वन (संरक्षण) अधिनियम लागू होने के पश्चात् से अधिकतम (54.8 प्रतिशत वन भूमि का व्यपवर्तन सिंचाई उपयोग हेतु किया गया है। 7 वृहद सिंचाई परियोजनाओं में कुल 61566.247 हेक्टेयर एवं 189 लघु सिंचाई परियोजनों में 17080.020 हेक्टेयर वन भूमि व्यपवर्तन हुआ है। माह जनवरी, 2014 से दिसंबर, 2014 तक निराकृत प्रकरणों की संख्या rkfydk Øekad &1-18 esa nf'kZr gSA

अतः वर्षवार विभिन्न गैर वानिकी कार्यों के उपयोग हेतु व्यपवर्तित वन भूमि का उपयोग अनुसार विवरण **परिशिष्ट–3** में संलग्न है।

rkfydk Øekad &1-18

tuojh 2014 ls fnlEcj 2014 rd

Ø-	mi;ksxdrkZ ,tsUlh	izdj.k la[;k	O;iofrZr ou [illegible]	izfr'kr
1	सिंचाई	24	1332.466	45.851
2	विद्युत	7	515.759	17.748
3	खनिज	1	967.650	33.298
4	विविध (मार्ग/रेलवे आदि)	3	90.177	3.103
5	रक्षा	0	0	0
;ksx		35	2906-052	100-00

उपरोक्तानुसार वर्ष 2014 में अधिकतम (45.8 प्रतिशत) वन भूमि का व्यपवर्तन सिंचाई कार्यो हेतु किया गया है जो कि इससे पूर्व वर्ष 2011 से 2013 (तीन वर्ष) में सिंचाई हेतु व्यपवर्तित वन भूमि (537.63 हेक्टेयर) के दोगुने (1332.46 हेक्टेयर) से भी अधिक है।

भारत सरकार की अधिसूचना दिनांक 10.10.2014 से वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 में संशोधन करते हुए दिनांक 01.11.2014 से समस्त रेखीय (सड़क, नहर, विद्युत लाईन एवं रेलवे लाईन) के प्रकरणों की स्वीकृति तथा शेष प्रकरणों मे (उत्खनन, जल, विद्युत परियोजनायें तथा अतिक्रमण के प्रकरणों को छोड़कर) 40 हेक्टेयर तक वन भूमि व्यपवर्तन की स्वीकृति के अधिकार भारत सरकार के भोपाल स्थित क्षेत्रीय कार्यालय के अंतर्गत गठित क्षेत्रीय साधिकार समिति को सौंपे गये हैं।

विगत वर्षों में प्रशासनिक तत्परता एवं प्रक्रिया के सरलीकरण के कारण, वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 के अन्तर्गत प्रस्तावित प्रकरणों की स्वीकृति में लगने वाले समय में काफी सुधार हुआ है। विशेष रूप से प्रकरणों की ऑनलाईन स्वीकृति प्रक्रिया लागू करने से तथा प्रक्रिया के सरलीकरण के कारण प्रकरणों का निराकरण अधिक शीघ्रता से हो रहा है।

विगत वर्षों में स्वीकृत कुछ महत्वपूर्ण प्रकरणों की सूची **परिशिष्ट–4** में संलग्न है।

lkekU; Lohd`fr

,d gsDVs;j ls de ou {ks= gsrq & भारत सरकार, पर्यावरण एवं वन मंत्रालय द्वारा वन संरक्षण अधिनियम 1980 के अन्तर्गत कुछ शर्तो के अधीन स्थानीय विकास के कार्यों हेतु एक हैक्टेयर से कम वनभूमि के व्यपवर्तन की सामान्य स्वीकृति दी गई है। इसके उपयोग की समय–सीमा 31 दिसम्बर 2018 तक बढ़ाई गई है। इसके अन्तर्गत स्कूल, मार्ग मरम्मत, अस्पताल, विद्युत व संचार लाईने, पेयजल की व्यवस्था, रेन वाटर हारवेस्टिंग स्ट्रक्चर, गैर पारम्परिक ऊर्जा स्त्रोत, व्यावसायिक प्रशिक्षण केन्द्र, विद्युत सब स्टेशन, छोटी सिचाई नहरे, संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस स्थापना जैसे कि पुलिस स्टेशन, आउट पोस्ट, वाचटावर इत्यादि निर्माण कार्य लिये जा सकते है। ,d gsDVs;j ls de ou Hkwfe O;ioZru dk fooj.k rkfydk Ø- 1-19 esa nf'kZr gSA

rkfydk Øekad &1-19

एक हेक्टेयर से कम वन भूमि व्यपवर्तन की जानकारी

(03.01.2005 से 31.12.2013 तक)		(01.01.2014 से 31.12.2014 तक)	
संख्या	हेक्टेयर	संख्या	हेक्टेयर
313	129.092	31	21.475

मध्यप्रदेश शासन वन विभाग के परिपत्र क्र. एफ–5–11/2006/10–3 दिनांक 13.6.2014 द्वारा एल.डब्ल्यू.ई. (Left wing Extremism) प्रभावित जिलो, अनूपपुर, बालाघाट, डिण्डौरी, मण्डला, सिवनी, शहडोल, सीधी, उमरिया, छिन्दवाड़ा एवं सिंगरौली में जनपयोगी विकास कार्यो हेतु भारत सरकार द्वारा वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 के अन्तर्गत निर्धारित शर्तों के अधीन प्रदत्त 2.00 हेक्टेयर के स्थान पर 5.00 हेक्टेयर तक वनभूमि व्यपवर्तन की सामान्य स्वीकृति अनुसार क्षेत्रीय वन मण्डल अधिकारियों को वन भूमि व्यपवर्तन की अनुमति दी गई है। इससे संबंधित वन भूमि व्यपवर्तन की जानकारी तालिका क्रमांक 1.20 में दर्शित है।

rkfydk Øekad &1-20

5 gsDVs;j rd Lohd`r ou Hkwfe

¼28-01-2011 ls 31-12-2013 rd½		¼01-01-2014 ls 31-12-2014 rd½	
Lohd`r	gsDVs;j	Lohd`r	gsDVs;j
95	74.286	18	24.472

अनुसूचित जनजाति और अन्य परम्परागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम 2006 एवं नियम 2008 की धारा 3 (2) के तहत ग्राम सभा की अनुशंसा पर एक हेक्टेयर से कम वनभूमि, जिनमें प्रति हेक्टेयर 75 से अधिक वृक्ष नहीं काटे जाएंगे, निम्न विकास कार्यों के लिये व्यपवर्तन हेतु निर्धारित शर्तों पर अनुमति दी गई है:–

पाठशालाएं, चिकित्सालय, आंगनवाड़ी, उचित मूल्य की दुकानें, विद्युत एवं दूरसंचार लाईनें, टंकियां और अन्य लघु जलाशय पेयजल की आपूर्ति हेतु जल प्रदाय के लिये पाइप लाइनें, जल या वर्षा जल संचयन संरचनाएं, लघु सिंचाई नहरें, अपारम्परिक ऊर्जा स्त्रोत, कौशल उन्नयन या व्यावसायिक प्रशिक्षण केन्द्र, सड़के तथा सामुदायिक केन्द्र।

स्वीकृति हेतु विस्तृत प्रक्रिया भारत सरकार के पत्र क्रमांक 23011/15/2008 एसजी दिनांक 18 मई 2009 द्वारा जारी की गई है तथा राज्य शासन द्वारा इस संबंध में निर्देश दिनांक 29. 05.2009 को जारी किए गए हैं।

दिसम्बर 2014 की स्थिति में मुख्यतः वर्षा जल संचयन संरचनाएं, लघु जलाशय, तालाब निर्माण, सड़कें, पाठशाला, विद्युत, अन्य मार्ग उन्नयन कार्य आदि प्रयोजनों के लिये, 493 प्रकरण स्वीकृत किये गये हैं, जिसमें व्यपवर्तित वनक्षेत्र 245.901 हेक्टेयर है।

dPps ekxksZ dk mUu;u & भारत सरकार के ज्ञापन दिनांक 30.04.2005 द्वारा वन क्षेत्र से गुजर रहे 1980 के पूर्व निर्मित कच्चे मार्गों के उन्नयन हेतु सामान्य स्वीकृति प्रदान की गई है। म.प्र. शासन वन विभाग के ज्ञापन दिनांक 17.05.2005 द्वारा वनमण्डलाधिकारी को वनक्षेत्रों के गुजर रहे 25.10. 1980 के पूर्व के कच्चे मार्गो के उन्नयन हेतु सशर्त अनुमति जारी करने के लिये अधिकृत किया गया है। इससे संबंधित जानकारी तालिका क्रमांक 1.21 में दर्शित है।

rkfydk Øekad &1-21

मार्गों का उन्नयन

;kstuk	¼o"kZ 1980 ls fnlEcj 2013 rd½		¼tuojh 2014 ls fnlEcj 2014 rd½	
